गर्भवती पत्नी को नशीली गोलियां खिलाकर गैंगरेप के बाद हत्या की

आरोपी पति और उसके दो रिश्तेदारों ने महिला के शव को फांसी के फंदे से लटकाकर हत्या को लूट और आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की

जयपुर (कासं)। नाहरगढ़ इलाके में 5 दिन पहले एक महिला की गैंग रेप के बाद गला घोंटकर हत्या की गई थी। हत्या का मामला आत्महत्या या फिर लूट जैसा लगे, इसलिए पति, उसके जीजा और अन्य रिश्तेदार ने शव को फंदे पर लटका दिया था।

घर में सामान भी इधर-उधर फैला दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला के साथ घिनौनी वारदात होने का पता चला, जिसके बाद पुलिस ने शुक्रवार रात को हत्या व गैंग रेप का मामला दर्ज और जांच के बाद मृतका के पति व उसके दो रिश्तेदारों को गिरफ्तार किया है। एडिशनल डीसीपी

■ **पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटकर मारने का खुलासा होने के बाद पुलिस टीम ने हत्यारों को पकड़ा**

धर्मेन्द्र सागर ने बताया कि पति के घर में रहने वाले किराएदार युवक से महिला के अवैध संबंध हैं। इस शक के चलते गत वर्ष महिला के देवर ने किराएदार युवक की बस्सी क्षेत्र में हत्या कर दी थी। युवक की हत्या के मामले में देवर को गिरफ्तार किया था, जो तभी से जेल में है। महिला की सास भी हत्या के मामले में फरार है। महिला का पति तभी से इस रंजिश के चलते अपनी पत्नी की हत्या करने की साजिश रच रहा था।

पति ने अपने बहनोई व फुफेरे छोटे भाई के साथ मिलकर पत्नी से गैंग रेप किया। 21 सितम्बर को पति ने पत्नी को नशीली गोलियां खिला दी। नशा होने पर उसने अपने दोनों रिश्तेदारों के साथ मिलकर पत्नी से गैंगरेप किया, फिर गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। घटना को आत्महत्या या फिर लूट का रूप देने के लिए मृतका को फंदे से लटका दिया और घर का सामान भी फैला दिया था। घटना के बाद पुलिस को पति ने बताया कि वह रिक्शा चलाता है और 12 वर्ष पहले प्रेम विवाह किया था। वह 21 सितम्बर को घर से निकला तब पत्नी ने दोनों बच्चों को आंगनबाड़ी में छोड़कर गणगौरी हॉस्पिटल में दिखाने जाने की बात कही थी। दोपहर 1.30 बजे पत्नी को फोन किया, लेकिन उसने रिसीव नहीं किया। तब बेटियों को आंगनबाड़ी से लेकर गणगौरी हॉस्पिटल पहुंचा, वहां पर पत्नी नहीं मिली तो घर आया।

घर के दरवाजे खुले थे और पत्नी का शव अर्द्धनग्न हालात में फंदे से लटक रहा था।

अभिनेता संजय मिश्रा को मिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

जयपुर में आयोजित अवॉर्ड सेरेमनी को प्रसिद्ध अभिनेता संजय मिश्रा (बीच में) ने संबोधित किया।

जयपुर । रीजनल सिनेमा किसी भी राज्य की संस्कृति का प्रतिनिधित्व करता है और वहां की प्रतिभाओं को टैलेंट दर्शाने का मंच प्रदान करता है।

इसी विचार को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित किए गए दसवें राजस्थान फिल्म फेस्टिवल में राजस्थानी सिनेमा के साथ-साथ देशभर के अन्य रीजनल सिनेमा की बहुमुखी प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया। जयपुर के मान पैलेस में आयोजित भव्य अवॉर्ड सेरेमनी में विभिन्न श्रेणियों के अवॉर्ड प्रदान किए गए। प्रसिद्ध अभिनेता संजय मिश्रा को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। तुषार कपूर, महिमा चौधरी व कोमल नाहटा जैसी शख्सियतों द्वारा अवॉर्ड नाइट की मेजबानी की गई, जहां सभी श्रेणियों के अवॉर्ड दो उप-श्रेणियों (राजस्थानी व अन्य रीजनल सिनेमा) में प्रदान किए गए।

सार-समाचार

पंडित उपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित

जयपुर (कासं)। किशनपोल क्षेत्र के वार्ड 74 में घी वालों का रास्ता स्थित टांक धर्मशाला में पार्षद कुसुम यादव व पूर्व पार्षद एवं चेयरमैन अजय यादव के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर जयंती मनाई। पार्षद कुसुम यादव ने बताया कि उन्होंने अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के लिए सरकार की संवेदना को झकझोरने का कार्य किया था। भाजपा सरकार उनके अंत्योदय के संकल्प को पूर्ण कर रही है। साथ ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस दौरान नीरज लुहाड़िया, सम्पत जैन, प्रभात शर्मा, नरेश शर्मा, उमेश शर्मा, पिंकू शर्मा, राजकुमार कुमावत, योगेश सोनी, राकेश यादव, बाबूलाल रैगर, विष्ण मीणा, सियाशरण शर्मा, गुलाब चंद श्रीमाल, शरद मेहता, रॉकी जैन, दिलीप गौतम, सोमदत्त शर्मा और अशोक जैन मौजूद थे।

रमेश खत्री की 'दो किनारे' का मंचन



जयपुर (कासं)। रमेश खत्री की कहानी "क्या तुम वाकई चली जाओगी" जो हंस पत्रिका के नवंबर 2014 में प्रकाशित हुई थी इसका नाट्यय रूपान्तरण "दो किनारे " शीर्षक से आशीष मौर्य ने किया है। इसका मंचन 21 सितंबर को त्रिवेणी नाट्यय महोत्सव के अंतर्गत कालिदास रंगायन, पटना में थिएट्रोन नाट्यय संस्था द्वारा किया गया, जिसमें भारी संख्या में दर्शक मौजूद थे। पहले भी इस नाटक का मंचन बलिसिंह प्रेक्षागृह लखनऊ में हो चुका है। इस उपलब्धि के लिए डॉ हेतु भारद्वाज, ऋतुराज, डॉ. दुर्गा प्रसाद अग्रवाल, रत्नकुमार सांभरिया, हरिराम मीना, प्रेमचंद गाँधी, डॉ सत्यनाराण, डॉ जगदीश गिरी, शेलेन्द्र चौहान, राजाराम भादू, राघवेंद्र रावत ने उन्हें बधाई दी है।

शिविर में 434 यूनिट रक्तदान

जयपुर (कासं)। समाजसेवी स्वर्गीय अजय यादव की प्रथम पुण्यतिथि पर रेलवे स्टेशन के नजदीक बडोदिया बस्ती में चिकित्सा और रक्तदान शिविर लगाया गया। जहां युवाओं ने 434 यूनिट रक्तदान किया। महात्मा गांधी हॉस्पिटल और गुरुकुल ब्लड बैंक की टीम ने शिविर में अपनी सेवाएं दी। प्रताप अजय यादव ने पहली बार रक्त देकर रक्तदान की शुरुआत की। कार्यक्रम में पार्षद कुसुम यादव, पूर्व पार्षद अजय यादव, गोविंद यादव, संजय यादव समेत सैकड़ों लोगों ने मदद की।

शिव महापुराण कथा कल से

जयपुर (कासं)। शहर के अराध्यदेव गोविंद देवजी के मंदिर स्थित सत्संग भवन में 27 से तीन दिवसीय संपूर्ण कष्ट निवारण शिव महापुराण का आयोजन आचार्य सतीश सदगुरु नाथ जी महाराज द्वारा किया जाएगा। गोविंददेव जी मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सानिध्य में हो रहे शिव महापुराण के दौरान पंडित मारूतिनंदन शास्त्री (वृंदावन धाम वाले) के भी प्रवचन होंगे। शिव महापुराण 27, 28 व 29 सितंबर को रोजाना अपराह्न 3 से 7 बजे तक होगी। आचार्य सद्गुरु नाथ महाराज ने बताया कि मनुष्य के जीवन में समृद्धि, वैभव, धन, संम्पन्नता के लिए भक्तों को विशुद्ध, शुद्ध और सिद्ध रुद्राक्ष का प्रसाद निःशुल्क वितरित किया जाएगा। मनुष्य की अभिष्ठ कामनाओं की सिद्धि हो, उस संदर्भ को ध्यान में रखते हुए इन रूद्राक्षों को सवा करोड़ मंत्रों से अभिमंत्रित किया है, जो कि प्रसाद स्वरूप वितरित किया जाएगा। पहले दिन कलश यात्रा के बाद आवाहित प्रतिष्ठित देवताओं का वैदिक पद्धति के साथ पूजन होगा। इसके बाद शिव महिमा का वाचन होगा। द्वितीय दिवस भगवान शिव की महिमाओं में उनके दर्शन शास्त्र के आधार पर जीवनोपयोगी उन प्रसंगों का उपाख्यान होगा।

शिविर में 1321 यूनिट रक्तदान

जयपुर (कासं)। युवा स्वर्णकार संस्था की ओर से दसवां रक्तदान शिविर का आयोजन श्री अजमीढ़ स्वर्णकार सेवा सदन ट्रस्ट, आरपीए रोड पर किया गया । शिविर में विभिन्न ब्लड बैंकों की टीमों ने 1321 यूनिट रक्त इकट्ठा किया। रक्तदान शिविर में जयपुर शहर सांसद रामचरण बोहरा, उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, जयपुर ग्रेटर निगम कमिश्नर महेन्द्र सोनी और एसीबी महानिदेशक बी.एल.सोनी मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त ओलंपिक वर्ल्ड चैंपियन, अर्जुन पुरस्कार विजेता, विश्व विजेता, पद्म श्री, पैरा ओलंपिक विजेता सुंदर गुर्जर तथा मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ के अतिरिक्त विभिन्न संगठनों के गणमान्य व्यक्ति, प्रशासनिक अधिकारी, विभिन्न संस्थाओं एवं व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं समाजसेवी भी उपस्थित रहे। संस्था के अध्यक्ष नितेश सोनी सभी रक्त दाताओं को सर्टिफिकेट एवं उपहार देकर सम्मानित किया। महामंत्री श्यामसुंदर जोड़ा ने राजनैतिक, प्रशासनिक व गणमान्य लोगों का सम्मान किया।

तीन ई-रिक्शा चोर गिरफ्तार

जयपुर । माणक चौक पुलिस ने ई-रिक्शा चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी सुरेंद्र यादव ने बताया आरोपित मोहम्मद जावेद (25) निवासी सैय्यद कॉलोनी गलता गेट, जाहिद (30) निवासी मिलाप नगर, जयसिंहपुरा खोर और इमरान उर्फ़ मौनी (29) निवासी जिआउद्दीन कॉलोनी, रामगंज को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने इलाके से ई रिक्शा चोरी कर पार्ट्स बेच दिए थे। इस पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर ई-रिक्शा और पार्ट्स बरामद किए हैं।

नाहरगढ़ में बच्चे से दरिंदगी

जयपुर । नाहरगढ़ थाना इलाके में एक बालक से दरिंदगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया इलाके निवासी एक महिला की बहन अर्ध विक्षिप्त है, जोकि अपने 11 वर्षीय बेटे के साथ मां के पास रहती है। आरोप है इसी मकान में नीचे फ्लोर पर रहने वाले लक्ष्मीनारायण ने कई बार उसके बेटे को अपने कमरे पर ले जाकर अश्लील हरकत की और उसके साथ कुकर्म किया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

युवक को गोली मारने वाले दो बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़े

पुरानी रंजिश के चलते की थी युवक की हत्या की कोशिश

जयपुर (कासं)। हरमाड़ा इलाके में 2 दिन पहले युवक के पैर में गोली मारने की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार कर वारदात में इस्तेमाल पिस्टल सहित बाइक जब्त कर ली है। दरअसल, बदमाश समाज की महिला को सोशल मीडिया पर बदनाम करने के चलते युवक को मारने आए थे, लेकिन ऐन वक्त पर निशाना चूक गया। इसके बाद दहशत फ़ैलाने के मकसद से युवक के दोस्त के पैर में गोली मार कर फरार हो गए।

डीसीपी (वेस्ट) वंदिता राणा ने बताया गिरफ्तार बदमाश रवि कुलदीप (30) और सोनू अटल (26) निवासी नीदड हरमाडा के रहने वाले हैं। आरोपित रवि कुलदीप पुर्व में 2018 में विवेक विहार दिल्ली में पुलिस मुठभेड में घायल हुआ था। मुठभेड में रवि कुलदीप के साथी नूर मोहम्मद का एनकाउंटर हुआ था। आरोपित रवि कुलदीप इस मामले में दो साल जेल मे रहने के बाद अक्टूबर 2020 में जमानत पर बाहर आया था। एसीपी (चौमूं) राजेंद्र निर्वाण ने बताया 22 सितंबर की रात करीब 8 बजे सुदामा (22) अपने दोस्त गौरव (19) के साथ घाटी में एक दुकान पर

हरमाड़ा पुलिस ने फायरिंग के आरोपियों को गिरफ्तार किया।

बैठा था। इसी दौरान दोनों बदमाश रवि और सोनू बाइक पर आए। देसी पिस्टल से सुदामा पर फायर किया।

निशाना चुकने पर गौरव के दाहिने पैर के घुटने के ऊपर गोली लगकर आर-पार निकल गई। हमले के दौरान सुदामा वहां से भाग गया। लहूलुहान हालत में गौरव को गिरा देखकर दोनों बदमाश मौके से फरार हो गए। थानाधिकारी मांगीलाल विश्नोई ने बताया आरोपित रवि और सोनू की सुदामा से पुरानी रंजिश चल रही है। दरअसल, सुदामा ने आरोपियों के समाज की एक महिला के लिए सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी की थी और खुद को समाज का दामाद बताया था। इस बात से आरोपित रवि और सोनू सुदामा से बुरी तरह खफा थे। दोनों ने मिलकर सुदामा की हत्या की साजिश रची थी। वारदात वाले दिन दोनों पल्सर बाइक से घाटी पहुंचे और सुदामा पर फायर किया, लेकिन निशाना चूकने से वह बच गया।

हैल्थ चैकअप शिविर आयोजित

जयपुर (कासं)। पिंकसिटी प्रेस क्लब एवं अपेक्स हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में क्लब सदस्यों एवं उनके परिजनों के लिए रविवार, प्रातः 9 से सायं 5 बजे तक हैल्थ चैकअप शिविर का आयोजन किया गया।

क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा ने बताया कि हैल्थ चैकअप शिविर उपाध्यक्ष एवं चिकित्सा समिति संयोजक पंकज शर्मा के संयोजन में आयोजित किया गया। शिविर में अपेक्स हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रोहन सिंह चौहान, डॉ. अरूण औझा सहित उनकी टीम द्वारा स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श दिया। शिविर में ब्लड प्रेशर ब्लड शूगर, ई.सी.जी. एवं ब्लड टेस्ट की निःशुल्क जांच एवं दवा वितरित की गई। क्लब महासचिव रघुवीर जांगिड़ ने बताया कि कैम्प के दौरान स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। डॉ. मोनिका ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए स्वस्थ्य जीवन जीने के टिप्स दिए। उन्होनें बताया कि कच्ची घानी का तेल ज्यादा उपयोगी होता है। शुद्ध घी हमारी हड्डियों के जाइंट में भी लुब्रिकेंट का काम करता है। हमें अपने खाद्य तेलों को बदलते रहना चाहिए। प्रातः उठकर गुनगुना पानी पीकर, घूमना एवं व्यायाम करना चाहिए। नास्ते में कार्बोहाईड्रेड एवं प्रोटीन पर्याप्त मात्रा में लेना चाहिए। रात्री भोजन समय पर लेना चाहिए। इस अवसर पर क्लब कोषाध्यक्ष राहुल शर्मा गौतम मौजूद थे।

गर्ल्स ने रैंप पर दिखाया डांसिंग-सिंगिंग टैलेंट

एलीट मिस राजस्थान के सैकंड जयपुर सिटी ऑडिशंस में 440 गर्ल्स ने हिस्सा

जयपुर (कासं)। राजसमंद, चूरू, श्रीगंगानगर और बांसवाड़ा जैसे क्षेत्रों से अपने टैलेंट में हौसले की उडान भरती गर्ल्स रविवार को गुलाबी नगरी आ पहुंची। ग्लैमर, टैलेंट और फैशन के क्षेत्र में अपने सपनें पूरे की उम्मीद लिए गर्ल्स ने ऑडिशंस दिए। मौका था ब्यूटी पेजेंट एलीट मिस राजस्थान के जयपुर सिटी सेकंड ऑडिशन का। श्याम नगर स्थित प्रतिष्ठा बैंक्वेट में आयोजित हुए इस निशुल्क प्रतिस्पर्धा के ऑडिशंस में राजस्थान के अलग-अलग हिस्सों से गर्ल्स ने मौजूदगी दर्ज़ करवाई। ऑडिशंस के दौरान सभी कंटेस्टेंट्स ने अपनी प्रोफाइल और एजुकेशन के बारे में बताया। इसी के साथ टैलेंट राउंड में गर्ल्स ने अपने डांसिंग, सिंगिंग, पब्लिक स्पीकिंग, बीट बॉक्सिंग जैसे टैलेंट को मंच पर शोकेस किया। कार्यक्रम के दौरान जयपुर से ही लगभग 440 गर्ल्स ने ऑडिशन में हिस्सा दिया और पूरे प्रदेश से अब तक 1550 से ज्यादा गर्ल्स ने रजिस्ट्रेशन किया है। डायरेक्टर गौरव गौड़ ने बताया कि जयपुर से पहले जोधपुर, उदयपुर में इस सीजन के ऑडिशन आयोजित

हो चुके है, जयपुर के बाद अब 2 अक्टूबर को कोटा में इस सीजन का आखरी ऑडिशन राउंड आयोजित होगा। शो में आगे 10 अक्टूबर को टॉप 30 कंटेस्टेंट्स घोषित की जाएगी, फिनाले 16 अक्टूबर को जयपुर में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा।

'सुमति के लिए भगवान हनुमानजी की शरण लें'

जयपुर । हरि नाम संकीर्तन परिवार के तत्वावधान में 108 हनुमत कथाओं की श्रंखला में रामगंज बाजार के घोड़ा निकास रोड स्थित मदन मोहन जी एवं संकट मोचन वीर हनुमान मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय 67 वीं कथा में हनुमान चालीसा की विविध चौपाइयों की सारगर्भित व्याख्या की।

व्यासपीठ से अकिंचन महाराज ने हनुमान चालीसा की चौपाइयों में छिपे रहस्यों से पर्दा उठाया। महावीर विक्रम बजरंगी, कुमति निवार सुमति के संगी चौपाई की व्याख्या करते हुए अकिंचन महाराज ने कहा कि हनुमानजी कुमति को हटाने वाले हैं। तुलसीदासजी ने सुंदरकांड में लिखा है कि सुमति और कुमति सबके हृदय में रहती हैं, लेकिन प्रश्न यह है कि इसकी पहचान कैसे करें कि हमारे हृदय में कुमति की प्रबलता है या सुमति की। उन्होंने कहा कि जब हमारे हितैषी हमें शत्रु लगने लगें और जो हमारे जीवन को नष्ट करने वाले हैं वे हमें जब मित्र लगने लगें तो समझ लेना चाहिए कि अब हमारे हृदय में कुमति आ गई है। ऐसी स्थिति जीवन में आ जाए तो हनुमान जी का आश्रय लेना चाहिए, क्योंकि कुमति का निवारण करना और सुमति की स्थापना करना हनुमानजी के आशीर्वाद से हो सकता है।

कलश और निशान यात्रा रवाना

जयपुर । श्री श्याम सेवा मित्र मंडल की ओर से निकाली जा रही पंचम वार्षिकोत्सव निशान एवं कलश यात्रा को पूर्व यूडीएच मंत्री राजपाल सिंह शेखावत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा राजेंद्र नगर गणेश मंदिर सिरसी रोड से रवाना होकर उत्सव स्थल स्वर्ण भूमि सिरसी मोड पर पहुंचेगी। जहां श्याम भजन संध्या होगी। इस मौके पर वार्ड 48 से पार्षद कुमकुम शक्तावत, शक्ति सिंह मानपुरा, गोवर्धन शर्मा, रतन अग्रवाल, विक्रम सिंह बेमौठ, विष्णु अग्रवाल, भवानी सिंह बेरी, शंकर अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, दिलीप सिंह बामण, रामरतन ढाका, विनोद महला, गजेंद्र सिंह करेरी, जगदीश सिंह लुणसरा मौजूद थे।

नवरात्रि की पूर्व संध्या पर हुआ बेटियों का सम्मान

जयपुर । सोमवार से शुरू हो रही आश्विन के शारदीय नवरात्र में घर-घर में शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा के पूजन की पूर्व संध्या पर जांगिड़ विकास समिति, दादी का फाटक, मुरलीपुरा की ओर से दुर्गा शक्ति की प्रतीक करीब 200 बच्चियों को सम्मानित कर समाज को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया गया।

रविवार को मुरलीपुरा के रजत विहार मैरिज गार्डन में सम्पन्न हुए 14 वें प्रतिभा सम्मान समारोह की अध्यक्षता अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय प्रधान राम पाल शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि बेटियों को आगे बढ़ाने और प्रोत्साहित करने के लिए संस्था का यह प्रयास बहुत ही सराहनीय है इसे आगे भी जारी रहना चाहिए। जांगिड़ विकास समिति दादी का फाटक के अध्यक्ष कैलाश चंद जांगिड़ और महामंत्री छगन लाल शर्मा ने पूरी कार्यकारिणी के साथ अतिथियों का सम्मान किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में रीको के स्वतंत्र निदेशक सीताराम अग्रवाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों, राजकीय सेवा में चयनित लोकसेवकों, खिलाडियों, कलाकारों सहित जांगिड़ समाज की करीब 300 प्रतिभाओं और कई भामाशाहों का सम्मान किया गया। आयोजन स्थल पर प्रतिभावान बच्चों के माता-पिता एवं अभिभावकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

समारोह में चयनित प्रतिभावान विद्यार्थियों को साइकिल, लैपटॉप टेबल, प्रशस्ति पत्र और छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इस मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर चलकर भारत फिर से बन सकता है विश्वगुरू : राज्यपाल

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

जयपुर । राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चिंतन को आधुनिक परिप्रेक्ष्य में आत्मसात करने की आवश्यकता है। राज्यपाल मिश्र रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 105वें जन्म शताब्दी वर्ष पर दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'राष्ट्रीय चेतना उत्सव' अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी में सम्बोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि उनके दर्शन में राष्ट्र और उससे जुडे जीवन मूल्यों पर विस्तार से विचार किया गया है। इस पर चलकर ही भारत के फिर से विश्वगुरु होने का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।

राज्यपाल ने कहा कि देश में 'सबका साथ सबका विकास' की जो पहल केन्द्र सरकार के स्तर पर हुई है, वह मूलतः पंडित दीनदयाल की अन्त्योदय की अवधारणा का ही विस्तार है। वंचित और गरीब लोगों के कल्याण को सर्वोपरि रखते हुए नीतियां बनाने और आखिरी व्यक्ति तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए

राज्यपाल कलराज मिश्र ने रविवार को दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'राष्ट्रीय चेतना उत्सव' अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित किया।

अंत्योदय का सिद्धांत अत्यंत सार्थक है।

राज्यपाल ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत जीवन मूल्यों के विरल संवाहक थे। उन्होंने 'एकात्म मानववाद' के अपने दर्शन से संपूर्ण मानव जाति को लाभान्वित किया। उनका मानना था कि शिक्षा से ही देश का भविष्य है इसलिए देश के हरेक बालक-बालिका को शिक्षा आवश्यक रूप से मिलनी चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा जितनी गुणवत्तापूर्ण और समयानुरूप होगी, उतनी ही वह जीवन के लिए उपयोगी और सार्थक होगी। विश्वविद्यालय शिक्षा में आज पंडित दीनदयाल जी चिंतन पर शोध और अध्ययन-अध्यापन की आवश्यकता है तभी राष्ट्र का सर्वांगीण विकास हो सकेगा।

राज्यपाल मिश्र ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में सदा ही पं. दीनदयाय उपाध्याय ने आदर्श मूल्यों को सर्वोपरि रखा। वे राजनीति, धर्म और शासन तंत्र के नीति नियंत्रित होने के पक्षधर थे। उनका चिंतन तत्कालीन समय से आगे था। वन संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों की उनकी सीख आज भी प्रासंगिक हैं। उनके अनुसार भारत की आत्मा को सांस्कृतिक दृष्टिकोण से ही समझ सकते हैं न कि राजनीति अथवा अर्थनीति के चश्मे से। राज्यपाल ने कहा कि किसी भी राष्ट्र के साहित्य, कला, दर्शन एवं सभ्यता के विभिन्न अंगों में संस्कृति ही व्यक्त होती है।

गोरखपुर सांसद रवि किशन शुक्ल ने अपने संबोधन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चिंतन और सामाजिक, राजनीतिक क्षेत्र में उनके अवदान की चर्चा की। राज्यपाल मिश्र ने कार्यक्रम के आरम्भ में उपस्थित जनों को संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों का वाचन करवाया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेश सिंह, शिक्षाविद् और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

स्कूटर कंपनी का फर्जी विज्ञापन देकर ठगने वाला पकड़ा

जयपुर (कासं)। हरमाड़ा थाना पुलिस ने ट्रिपल पॉवर स्कूटर इण्डिया कम्पनी के फर्जी विज्ञापन देकर लोगों के साथ ठगी करने वाले सरगना को गिरफ्तार किया गया है। डीसीपी (वेस्ट) वन्दिता राणा ने बताया गिरफ्तार सरगना रामनिवास जाट उर्फ जेपी अग्रवाल गांव सिरढान फतेहाबाद हाल निवासी सिविल लाईन सिरसा हरियाणा का रहने वाला है। वहीं इस मामले में आरोपित भगवती दयाल शर्मा, अनिल उर्फ नीलू सोनी उर्फ अशोक जैन, दीपक सोनी उर्फ अजीत, राकेश धोबी उर्फ अन्नू आनंद उर्फ साहिल शर्मा की पहचान कर तलाश की जा रही है।

आरोपियों ने ट्रिपल पावर स्कूटर इण्डिया कम्पनी की डीलरशिप देने के लिए समाचार पत्रों, सोशल मीडिया पर विज्ञापन दिया। लोगों ने आरोपियों से सम्पर्क किया तो स्कूटर निर्माण की फैक्ट्री विशाखापटनम की डीलरशिप देने के नाम पर प्रत्येक डीलर से पांच लाख रूपए की राशि ली। आरोपित कई लोगों से करीब 1 करोड 21 लाख 53 हजार रूपए लेकर हड़प कर गए।